## एक नजर में

### शिवपंचायतन प्राण प्रतिष्ठा 8 मई से

**सुठालिया 06 मई, सं.** ग्राम खनोटा रामनगर में आगामी 8 मई से 10 मई तक श्री शिवपंचायतन प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होने जा रहा है. जानकारी के अनुसार ग्राम खनोटा के नवनिर्मित शिव मंदिर में श्री शिव पंचायत यानी भगवान शिव, मां पार्वती, गणेश, कार्तिक और नंदी की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है. आयोजन में 8 मई को दशविधि स्नान और हेमाद्रि मण्डप प्रवेश, 9 मई को देवपूजन, महास्नान और अभिषेक और 10 मई को प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ प्रसादी वितरण किया जाएगा. आयोजन को ज्योतिषाचार्य पं. बेनीप्रसाद वशिष्ट अधिष्ठाता गुरूकुल आवन, पं. जुगलकिशोर शर्मा यज्ञब्रम्हा और खेड़ापति आचार्य पं. रामबाबू वशिष्ठ सुठालिया सम्पन्न कराएंगे. आयोजन समस्त ग्रामवासी खनोटा रामनगर की ओर से किया जा रहा है. आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है.

### कलेक्टर द्वारा उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण



**राजगढ़ 06 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा सोमवार को एक्शन मोड में नजर आए. उन्होंने जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का सघन एवं औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्पष्ट किया कि किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है. निरीक्षण के दौरान उन्होंने दो टूक कहा कि उपार्जन कार्य पूरी तरह किसान हितैषी होना चाहिए. यदि किसानों को अनावश्यक परेशान किया गया या व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी मिली, तो जिम्मेदारी तय कर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने न केवल व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया. बल्कि मौके पर ही लापरवाही पाए जाने पर संबंधित दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश भी दिए. साथ ही कुलीखेड़ा समिति में अनियमितताएं पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नोडल अधिकारी की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए तथा संबंधित ऑपरेटर के विरुद्ध कार्रवाई के आदेश दिए. साथ ही मार्केटिंग सोसायटी के नोडल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने धनिया जोगी, मां शारदा वेयरहाउस बड़बेली, भाटखेड़ा, ब्यावरा कला तथा मंडी स्थित शासकीय वेयरहाउस छापीहेड़ा सहित विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की. उन्होंने सभी केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. टोकन वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने, समय पर बिल जनरेशन सुनिश्चित करने एवं किसी भी प्रकार की पेंडेंसी नहीं रखने के निर्देश भी दिए गए. कुलीखेड़ा सोसाइटी में बिल जनरेशन में देरी पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मौके पर स्वयं बैठकर बिल जनरेट कराया तथा संबंधितों को सख्त चेतावनी दी.

# 25 दिनों से आ रहा नलों में दूषित पानी

## अनदेखी से बिगड़ न जायें हालात, जल जनित बीमारी फैलने का डर



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 06 मई, सं. सुठालिया के वार्ड क्रमांक 8 लोधी मोहल्ला में बीते 25 दिनों से पेयजल सप्लाई के दौरान नलों से काफी दूषित पानी आने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.**

इसको लेकर लोगों में काफी नाराजगी भी देखी जा रही है. गंदे एवं दुर्गंधयुक्त पानी के कारण पीने के पानी की समस्या निर्मित हो चली है. बिमारियों का डर बना हुआ है. इसको लेकर रहवासियों के द्वारा नपा में आवेदन दिया जाकर जल्द ही समस्या का निराकरण करते हुए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है.

कम प्रेशर आने की भी शिकायत कर हो चुकी है


विगत माह पूर्व वार्ड के रहवासियों के द्वारा पेयजल सप्लाई के दौरान नलों से कम प्रेशन में पानी आने की शिकायत भी नपं को की जा चुकी है. बावजूद इसके समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका और अब दूषित और दुर्गंधयुक्त पानी लम्बे समय से आ रहा है.

### इंदौर में हो चुकी है दूषित पानी से घटना

गौरतलब है कि पूर्व के माह में इंदौर में दूषित पानी पीने के कारण हुई घटना आज भी झंकझोर देती है. उक्त घटना के बाद पेयजल सप्लाई लाइनों में लीकेज को ठीक करने व्यापक अभियान चलाया गया था. कुछ दिन ही इसको लेकर सजगता दिखाई दी फिर हालात जस के तस नजर आने लगे. यदि समय रहते दूषित और दुर्गंधयुक्त पानी आने की शिकायतों को गंभीरता से लेकर समाधान कर लिया जाये तो भविष्य में होने वाली किसी भी अनहोनी को टाला जा सकता है.

### मौकेपर नपं ने कहा बदली जाएगी पाइप लाइन

नपं के अनुसार वार्ड 8 में जहां दूषित पानी आने की शिकायत है यदि वहां आगे भी इसी तरह का पानी आता है तो पाइप लाइन को बदला जाएगा. साथ ही अन्य और भी कहीं यदि इसी तरह की शिकायत आती है तो वहां पर भी पाइप लाइन को बदला जाएगा ताकि शुद्ध पेयजल



### मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

नगर के वार्ड 8 में काफी दिनों से शिकायत आ रही है कि वार्ड में नलों में गंदा पानी आता है जिसका आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया. जल प्रदाय टीम को निर्देशित किया गया कि अगर पाइप लाइन चेक करने के बाद समस्या का समाधान नहीं होता है तो नवीन पाइप लाइन डाली जाये. इस मौके पर जल प्रदाय की टीम, स्वच्छता पर्यवेक्षक कुलदीप सिंह राठौड़ उपस्थित रहे.

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले 47 हजार रुपये

## मदद के बहाने धोखाधड़ी, पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 06 मई, सं. सुठालिया नगर में बुधवार को एटीएम से ठगी करने की वारदात सामने आई. मदद करने के बहाने एक शातिर युवक ने एक शख्स का कार्ड बदलकर उनके खाते से 47,189 रुपए निकाल लिए. बुधवार को पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है.**

वार्ड नंबर 4 के रहने वाले सोनू बाल्मीकि (30) अपने पिता जमनालाल के साथ एसबीआई एटीएम से पैसे निकालने गए थे. जब वे मशीन का इस्तेमाल कर रहे थे, तभी पीछे खड़े एक युवक ने चुपके से उनका पिन देख लिया. इसके बाद युवक ने मदद के बहाने उनका कार्ड हाथ में लिया और सफाई से असली कार्ड बदलकर उन्हें दूसरा फर्जी कार्ड थमा दिया.

### बाहर आते ही खाते से उड़ाई राशि

एटीएम से बाहर आने के बाद जब सोनू ने खाते की जांच की, तो उनके होश उड गए. आरोपी ने उनके पिता के खाते से 47,189 रुपए निकाल लिए थे. ठगी का अहसास होते ही पीड़ित परिवार तुरंत सुठालिया थाने पहुंचा. और रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आस पास लगे सीसीटीवी केमरों की जांच कर रहे है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जायेगा.



# पार्षद का आरोप, सीएमओ नहीं दे रहे जानकारी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 मई, का. राजगढ़ की भाजपा पार्षद अम्बे प्रवीण मिश्रा ने जिला कलेक्टर को बुधवार को अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए रोष प्रकट किया है. शिकायत में उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर में कायाकल्प योजना के तहत विकास कार्यों की कई बार मांगे जाने के बाद भी जानकारी नहीं दी जा रही है.**

साथ ही एक अन्य शिकायत में उन्होंने सीएमओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार लिखित और मौखिक रूप में मांगे जाने पर भी सीएमओ पीआईसी की बैठक को लेकर जानकारी नहीं दे रहे है. उन्होंने कहा कि वे स्वयं पीआईसी की सदस्या है. उन्होंने कहा कि उन्हें शंका है कि कहीं उनके फर्जी दस्तखत तो नहीं किए गए है. जानकारी के अनुसार भाजपा की पार्षद अम्बे प्रवीण मिश्रा ने जिला कलेक्टर को दो शिकायती आवेदन सौंपे है. पहले आवेदन में उन्होंने कायाकल्प योजना में विकास कार्यो की जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया है जबकि दूसरे आवेदन में सीएमओ पर आरोप लगाए है.

### हमें निर्माण, बैठकों की जानकारी नहीं कर रहे

पार्षछ अम्बे प्रवीण मिश्रा ने आरोप लगाया है कि उन्होंने कई बार सीएमओ से कायाकल्प योजना के तहत विकास कार्यों, निर्माण और ठेकेदार द्वारा निर्माण प्रगति की जानकारी मांगी है. परिषद की सदस्य और पीआईसी सदस्या होने के नाते उनका जानकारी मांगने का पूरा अधिकार है. लेकिन कई बार कहे जाने के बाद भी उन्हें जानकारी नहीं दी जा रही है. साथ ही उन्होंने कहा कि पीआईसी की बैठक की प्रोसिडिंग की जानकारी भी सीएमओ देने से कतरा रहे है. उन्होंने कहा कि वे पीआईसी की सदस्य है लेकिन पिछले तीन वर्षों में एक या दो बार ही उन्हें पीआईसी मीडिंग की जानकारी दी गई है. कई बार संबंधित शाखा प्रभारी राकेश शर्मा से जानकारी मांगी गई. इसके अलावा सीएमओ पवन अवस्थी से भी मामले में जानकारी के लिए कहा लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है. सत्य प्रतिलिपि उन्हें प्रदान नहीं करने उनके अधिकारों का हनन है. मामले में कलेक्टर ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है.

# विद्यार्थियों को नियमित श्रेणी का दर्जा मिला

## के. सी कॉन्वेंट हाई स्कूल के नियमित छात्रों को कर दिया था प्रायवेट श्रेणी में

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 06 मई, का.** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था के. सी कॉन्वेंट हाई स्कूल में एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षाओं के दौरान तकनीकी एमपी ऑनलाइन त्रुटि के कारण कुछ नियमित विद्यार्थियों को प्राइवेट श्रेणी में दर्ज कर दिया गया था, उक्त त्रुटि सुधार के बाद अब इन विद्यार्थियों को पुनः नियमित श्रेणी में ले लिया गया है.

विद्यालय के संचालक इन्दरसिंह लववंशी के अनुसार इस गलती को सुधारने के बाद संशोधित परिणाम जारी किए है. स्कूल के सभी विद्यार्थी पहले भी 100 प्रतिशत पास थे लेकिन संशोधन के बाद छात्रों के प्रतिशत में 5 से 10 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है.

स्कूल प्रबंधन ने त्रुटि सुधार के लिए बोर्ड का आभार व्यक्त किया है. स्कूल संचालक, प्राचार्य व विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को फूल माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर बधाई दी. इस अवसर पर स्टॉफ सदस्य, पालकगण उपस्थित रहे.

# महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने रैली निकाली

**सुठालिया 06 मई, सं.** संसद में कांग्रेस सहित उसके अन्य सहयोगी दलों द्वारा महिला आरक्षण बिल का विरोध किए जाने के विरोध में बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा ब्यावरा रोड पर स्थित विधायक कार्यालय पर महिला मोर्चा की बैठक आयोजित कई गई बैठक के बाद बस स्टेंड तक रेली निकाली गई व महिलाओं ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया. इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री माधवी परमार जिला संयोजक नीलम सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष पदम सिंह, महेश पालीवाल, श्रीमती पुष्पा पंवार, पार्षद आकाश अग्रवाल गोपाल भिलाला पार्षद प्रतिनिधि ओम पालीवाल दिनेश अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे.



# किसानों की समस्या पर कांग्रेस का हाईवे जाम आज

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 मई, का.** उपर्जान केन्द्रों की अव्यवस्था, तुलाई में भ्रष्टाचार और भुगतान में लेट लतीफी की सहित परेशानियों को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा आज भोपाल एवं उज्जैन संभाग स्तर पर शाजापुर-मक्सी के बीच टोल पर चक्काजाम का कार्यक्रम रखा गया है.

इसको लेकर जिला मुख्यालय पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह द्वारा प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी. बताया गया कि उपार्जन केन्द्र बनाम शोषण केन्द्र बने हुए है. किसानों को दिनों नहीं हफ्तों तक उपज विक्रय हेतु इंतजार करना पड़ रहा है. स्लॉट बुकिंग और टोकन सिस्टम पूरी तरह फेल है. खुले में फसल खराब होने का खतरा है. भुगतान में देरी हो रही है. सरकार किसान को कर्जदार बनाए रखने की नीति पर कर रही काम. खाद और संसाधनों की कमी है. नरवाई को लेकर सेटेलाईट से निगरानी सीधे मामला दर्ज करना अपराधी जैसा व्यवहार है. किसानों को भावान्तर का पूरा भुगतान मिले. किसान की फसल की समर्थन मूल्य पर गांरटीड खरीद हो, सात दिन के भीतर फसल उर्पाजन के भुगतान की कानूनी गारंटी हो. उपार्जन केन्द्रों की संख्या और क्षमता दोगुनी की जाए. उर्पाजन केन्द्रों पर तुलाई की मात्रा 2250 क्विंटल से बड़ाकर 5000 क्विंटल प्रतिदिन की जाए. नरवाई नियमों में व्यवहारिक सुधार हो ओर दण्डात्मक कार्यवाही पर रोक लगे. बीमा और मुआवजा भुगतान की समय सीमा तय हो.

# रेडक्रॉस सोसायटी ने यातायात सुरक्षा, नशामुक्ति की शपथ दिलवाई

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 मई, का. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी मध्यप्रदेश राज्य शाखा के निर्देशानुसार रेडक्रॉस स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.**

इसी क्रम में महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी इकाई द्वारा यातायात सुरक्षा जागरूकता एवं नशामुक्ति अभियान के तहत शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी. बी. खरे ने विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को यातायात नियमों के पालन तथा नशामुक्त समाज निर्माण हेतु शपथ दिलाई. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी यदि जागरूक होकर सामाजिक उत्तरदायित्व निभाए तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है.

राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा निर्धारित थीम मानवता के लिए एकजुट के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रॉस के स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सेवा एवं जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं. कार्यक्रम श्रृंखला में निशक्तजन एवं वृद्धाश्रम सेवा कार्य, नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, एक दिवसीय सीपीआर प्रशिक्षण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, यातायात सुरक्षा जागरूकता तथा स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे. कार्यक्रमों के समापन पर उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले यूथ रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स को सम्मानित भी किया जाएगा. संपूर्ण कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला संगठक डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़ा के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है.

क्लासिफाई एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
9993866399

**उपार्जन** तीन-तीन दिन में भी नहीं आ पा रहा नंबर, बिल बनवाने के लिए भी लंबी लाइन में लग रहे

# भीषण गर्मी में उपज बेचने के लिए पसीना बहा रहे किसान

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 06 मई, का. शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं की खरीदी की जा रही है किंतु हालात यह है कि केन्द्रों पर लम्बी-लम्बी लाइनों में लगना पड़ रहा है. गेहूं बेचने भीषण गर्मी में लम्बी लाइनों में लगकर पसीना बहाना पड़ रहा है. तीन-तीन दिन में भी नम्बर नहीं आने से किसान काफी परेशान नजर आ रहे है. खरीदी केन्द्रों के बाहर ट्रेक्टर ट्रॉलियों की लम्बी कतारें हर किसी को चौंका रही है.**

उल्लेखनीय है कि जिले के 108 केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का कार्य जारी है. बड़े स्लॉट भी बुक हो रहे है जिसके चलते खरीदी केन्द्रों पर काफी संख्या में किसान उपज लेकर पहुंच रहे है. केन्द्रों के बाहर दूर-दूर तक गेहूं से भरी ट्रेक्टर ट्रॉलियों की लम्बी-लम्बी लाइने देखी जा सकती है. तीन-तीन दिन तक नम्बर नहीं आ पा रहा है. भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

बिल बनने में लग रहे तीन दिन

जानकारी के अनुसार कई जगह तौल के बाद बिल बनने में तीन-तीन दिन तक का समय लग रहा है. तौल के बाद बिल बनता है उसमें तीन दिन तक का समय लगना बताया जाता है. खिलचीपुर, छापीहेड़ा, नरसिंहगढ़ क्षेत्र में कई केन्द्र पर तीन दिन से लाइन में लगने की बात सामने आई है. बताया गया है कि कई केन्द्रों पर गेहूं से भरी ट्रेक्टर ट्रॉलियों की एक से डेढ़ किमी तक लम्बी लाइन लगी हुई देखी गई.



### एक ही वेयर हाउस पर तीन खरीदी केन्द्र

नरसिंहगढ़ में भोपाल रोड पर मारुति नंदन हनुमान मंदिर के आगे बांडा बेदरा तालाब के समीप स्थित वेयर हाऊस पर तीन खरीदी केन्द्र स्थापित कर देने से यहां काफी भीड़भाड़ हो गई. काफी अफरा-तफरी मचने लगी तथा परेशानियों को लेकर शिकायत मिलने पर विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा एवं एसडीएम सुशील कुमार बुधवार को मौके पर पहुंचे. यहां अधिक भीड़भाड़ के बीच हम्मालों की कमी एवं तौल कांटे भी कम होना सामने आया. इस पर अधिकारीद्वय द्वारा प्रबंधन को हम्मालों की संख्या एवं तौल कांटे बढ़ाने के निर्देश दिए गये है.

### स्लॉट अवधि में ही लाएं गेहूं

जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वर्तमान में जिन किसानों को स्लॉट की अवधि प्राप्त हो चुकी है वह अपनी स्लॉट की अवधि में ही खरीदी केन्द्र पर फसल लेकर पहुंचे. स्लॉट अवधि प्राप्त होते ही किसान खरीदी केन्द्र पर पहुंच जाते है. इस कारण से वर्तमान समय में जारी स्लॉट अवधि के किसान लाईन में पीछे रह जाते है. जिससे किसान अपने स्लॉट अवधि में गेंहू विक्रय से वंचित हो जाते है और बिल बनने में असुविधा होती है.

शासन द्वारा दी गई सुविधा में स्लॉट अवधि में ही अपने गेंहू से भरे ट्रेक्टर खरीदी केन्द्र पर ले जाए ताकि समय पर सभी किसानों की फसल की तुलाई के साथ-साथ बिल नियमित जारी हो सके एवं तुलाई किए गए गेंहू की राशि तय समय पर प्राप्त हो सके. स्लॉट प्राप्त होने के पश्चात गेंहू तुलाई हो गई, किन्तु स्लॉट की अवधि समाप्त होने के कारण बिल नहीं बन पाए ऐसे किसान अपने स्लॉट की अवधि बढ़ाये जाने का आवेदन संबंधित समिति को प्रस्तुत कर सकते है.

**छापीहेड़ा के दोनों कन्द्रों पर भारी भीड़** - छपीहेड़ा में दो खरीदी केन्द्रों पर गेहूं की खरीदी का कार्य जारी है किंतु भारी भीड़ के कारण तीन-तीन दिन तक का इंतजार करना पड़ रहा है. छापीहेड़ा स्थित मंडी प्रांगण में छापीहेड़ा सोसायटी तथा मंडी के सामने मोहन गांव स्थित सोसायटी का खरीदी केन्द्र है. दोनों खरीदी केन्द्रों पर भारी भीड़ हो रही है.

### बार-बार मौसम बिगड़ने से भी परेशानी

जिले में कई ऐसे केन्द्र है जहां पर गोदाम नहीं है, उनके द्वारा खरीदी कार्य खुले आसमान के नीचे ही किया जा रहा है. खरीदी किया गया कई क्विंटल गेहूं बाहर ही खुले में पड़ा हुआ है. ऐसे में आंधी और बारिश का मौसम होने से परेशानी और बढ़ रही है. सुठालिया क्षेत्र में ही करीब 8 खरीदी केन्द्र खुले में है. जानकारी के अनुसार टोड़ी, मऊ, नापानेरा, गोरधनपुरा, सिलपटी, कानेड़, खनोटा स्थित समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्र खुले में ही है. कुछ दिनों से तेज हवा आंधी और बारिश होने का सिलसिला चल रहा है, मौसम बिगड़ने से बाहर खुले में रखे गेहूं को नुकसान होने की चिंता बढ़ जाती है. हालांकि गेहूं को भीगने से बचाने तिरपाल आदि से ढककर सुरक्षित कर दिया जाता है.

तौल का नम्बर आने में तीन-तीन दिन तक लग रहे है.

### ओसवाल डेनिम यूनिट में हुआ आयोजन

**पीलूखेड़ी 06 मई, सं.** नरसिंहगढ़ एसडीएम सुशील शर्मा की अध्यक्षता में औद्योगिक क्षेत्र पीलूखेड़ी ओसवाल डेनिम की यूनिट में कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें रेडक्रॉस सोसाइटी से किए जा रहे कार्यों के बारे में एवं रेडक्रॉस सोसाइटी की सदस्यता एवं सहयोग करने के बारे में बताया. इस मौके पर नरसिंहगढ़ एसडीएम सुशील शर्मा, रेडक्रॉस समिति जिला सचिव संजय शेखर शर्मा कुरावर तहसीलदार सुनीता कुमारी, इंडस्ट्रियल एसोसिएशन अध्यक्ष मदन गोपाल चौधरी यूनिट हेड ओसवाल, मयंक बाजपाई वाइस प्रेसीडेंट मानव संसाधन एवं महासचिव एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्री पीलूखेड़ी अहित भौमिक यूनिट हेड एचपीसीएल, वीरेंद्र चौहान विंध्याचल डिस्टलरीज मैनेजर, अभिनव बहले एचआर मैनेजर लैप इंडिया, शाहिद पठान मीडिया प्रभारी प्रीमियम एस एस कांट्रेक्शन आर सप्लायर एलएलपी, मुंशी भगत लाईजिंग ऑफिसर भोपाल जिलेटिन, कुरावर व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष पवन अग्रवाल, संदीप एमपी प्रेसीजन, महेश प्रजापति न्यू वर्ल्ड, जितेंद्र सिंह, अर्पित सक्सेना, बबलू शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे




क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़

B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27
प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक

दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26

नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.

विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.

योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

आवश्यक दस्तावेज-
10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.

नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

04 मई से -04 जून 2026